कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला
एफ-2/3, ओखला फेज-1, नई दिल्ली- 110020
Sub-Regional Office, Okhla
F-2/3, Okhla Phase-1, New Delhi-110020
Phone: 011-26814613 Email: dir-okhla@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

सं. 20-जेड/17/12/1/2025-प्रशा.

परिपत्र

विषयः क.रा.बी.निगम के 75वें स्थापना दिवस के संदर्भ में।

सूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय के स्तर पर दिनांक 24.02.2026 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है जिसमें दिनांक 22.02.2026 (रविवार) को साइक्लोथॉन कार्यक्रम एवं दिनांक 24.02.2026 (मंगलवार) को स्थापना दिवस समारोह प्रमुख हैं।

उक्त कार्यक्रमों के प्रबंधन/संचालन के लिए उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला एवं अधीनस्थ शाखा कार्यालयों के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को आवश्यकतानुसार कार्य आबंटित/तैनात किया जा सकता है।

अतः सक्षम प्राधिकारी ने उपरोक्त प्रशासनिक अनिवार्यता को देखते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे दिनांक 24.02.2026 तक, जब तक अपरिहार्य न हो, किसी भी प्रकार का अवकाश (स्टेशन लीव सहित) आवेदित न करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी अधिकारियों/कार्यालय अधीक्षकों/शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया जाता है कि वे उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के किसी भी प्रकार के अवकाश (विशेष परिस्थितियों के अतिरिक्त) को स्वीकृति प्रदान न करें तथा विशेष परिस्थितियों में आवेदित अवकाश की सूचना से प्रशासन शाखा को तत्काल अवगत कराएं।

Digitally signed by
GURPREET SINGH
Date: 18-02-2026
16:33:15

(गुरप्रीत सिंह)
सहायक निदेशक (प्रशासन)

सेवा में,

1. सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण, उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला।
2. सभी कार्यालय अधीक्षक, उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला।
3. शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, आश्रम/ओखला/पालम/कालकाजी।
4. वेबसाइट कंटेट मैनेजर को उक्त परिपत्र को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. संयुक्त निदेशक (प्रभारी) के निजी सचिव।
6. नोटिस बोर्ड।